गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर इसी माह से आवागमन

राब्यू, जागरण• लखनऊ: पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से गोरखपुर को जोड़ने वाले गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का 97% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और यह इसी माह शुरू हो जाएगा। एक्सप्रेसवे के शुरू होने से लखनऊ, आगरा व दिल्ली की यात्रा सुगम हो सकेगी। मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल यह लिंक एक्सप्रेसवे, गोरखपुर बाईपास (एनएच-27 ग्राम जैतपुर) के पास शुरू होकर आजमगढ़ के सालापुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से मिलता है। 91.352 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे के निर्माण कार्य पर 3478 करोड़ और भूमि अधिग्रहण पर 1564 करोड़ रुपये अब तक व्यय हुए हैं।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त व यूपीडा के मुख्य कार्यपालक

• पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से गोरखपुर को जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे का 97 प्रतिशत काम हो चुका है पूरा

अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल क्षेत्रों के साथ ही प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस मार्ग के खुलने से कृषि, वाणिज्य और पर्यटन क्षेत्रों में तेजी से विकास और रोजगार सृजन होगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे बनने वाली 341 संरचनाओं में से अब तक 337 का निर्माण पूरा हो चुका है। एक्सप्रेसवे से सटे गांवों के निवासियों को पहुंच प्रदान करने के लिए एक तरफ सर्विस रोड बनाई जा रही है।